राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांक : CCE/ISDC/Gyansudha/2021/Spl./81; दिनांक : 15 July 2021

प्राचार्य
समस्त राजकीय महाविद्यालय
राजस्थान।

विषय : युवाओं में प्रतियोगी क्षमता विकास हेतु विषयपरक ज्ञान, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने हेतु आरम्भ ज्ञानसुधा कार्यक्रम में महाविद्यालयी शिक्षकों की विभिन्न रुपों में सहभागिता हेतु आमंत्रण।

जैसा कि आप सभी को विदित है कि कॉलेज शिक्षा विभाग राजस्थान द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को तैयारी में सहायता, मार्गदर्शन, विषयपरक तैयारी, साक्षात्कार की तैयारी, केरियर गाइडेन्स, एवं जीवन में सफलता हेतु संवाद सत्र आयोजित करवाये जाने के लिये ज्ञानसुधा कार्यक्रम आरम्भ किया गया है। इस प्रयोजनार्थ आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान द्वारा यूट्यूब पर ज्ञानसुधा चैनल भी आरम्भ किया गया है। इस ज्ञानसुधा चैनल के लिये विषयपरक मार्गदर्शन हेतु ऑफलाइन कन्टेन्ट तैयार करने के लिये विभाग में कार्यरत विषय विशेषज्ञ निरन्तर स्वैच्छिक आधार पर जुटे हुए है। इस ज्ञानसुधा चैनल पर विभिन्न विषयों से संबंधित 350 से अधिक वीडियोज भी अपलोड हो चुके हैं।

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान द्वारा इन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये ही 16 जून 2021 से लाइव सेशन्स भी आरम्भ करवाये गये है। इस ज्ञान सुधा कार्यक्रम के लाइव सेशन्स में अभी तक भारतीय प्रशासनिक सेवा, राजस्थान प्रशासनिक सेवा, शिक्षाविद, प्रोफेशनल्स सहित अनेक रिसोर्स पर्सन्स के रुप में लाइव सत्रों में अपना योगदान दे चुके हैं। इन सभी लाइव सत्रों की वीडियो रिकॉर्डिंग भी इस ज्ञानसुधा यूट्यूब चैनल पर अपलोडेड हैं।

आप सभी के सहयोग से ज्ञानसुधा कार्यक्रम की लोकप्रियता बढ़ती जा रही हैं। ज्ञात हो कि अभी तक ज्ञानसुधा कार्यक्रम में 7,700 से अधिक विद्यार्थियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है। जबकि इन चैनल के सब्सक्राइबर की संख्या 26,600 से अधिक है। इस ज्ञानसुधा चैनल के viewers की संख्या भी 1 लाख 3 हजार के पार हो गई है।

यह ज्ञानसुधा कार्यक्रम विद्यार्थी/जनहित में सत्र पर्यन्त संचालित करवाया जाना है। अतः विषयपरक ऑफलाइन कन्टेन्ट्स तैयार करने एवं Online Live Sessions हेतु कॉलेज शिक्षा विभाग सभी शिक्षक साथियों को ज्ञानसुधा कार्यक्रम के मंच पर आने के लिये आमंत्रित करता है। इस प्रयोजनार्थ जो शिक्षक साथी ऑफलाइन कन्टेन्ट्स तैयार करने में अभिरुचि रखते हैं, वे प्रमुखतः भारतीय प्रशासनिक सेवा, राजस्थान प्रशासनिक सेवा, सहायक आचार्य कॉलेज शिक्षा, बैंक अधिकारी, रीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रखकर इनके पाठ्यक्रमानुसार अपनी विशेषज्ञता अनुरुप विषयवस्तु पर अपना वीडियो कन्टेन्ट तैयार करके आयुक्तालय के प्रभारी/सह–प्रभारी अधिकारी, नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ को प्रेषित कर सकते हैं। आप द्वारा प्रेषित वीडियो कन्टेन्ट को विष्रय विशेषज्ञ से अवलोकन करवाकर ज्ञानसुधा यूट्यूब चैनल पर निःशुल्क उपयोग हेतु अपलोड करवा दिया जायेगा।

इसी प्रकार जो शिक्षक साथी उपर्युक्त प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये आयोजित करवाये जा रहे ऑनलाइन लाइव सैशन्स में अपनी विशेषज्ञता अनुरुप किसी सत्र में रिसोर्स पर्सन के रुप में आना चाहते हैं, वे अपना विशेषज्ञता विवरण सहित प्रभारी / सह–प्रभारी अधिकारी, नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ से सम्पर्क कर सकते हैं।

साथ ही, इस कार्यक्रम में जुडने के लिये तीसरा कार्य लाइव सैशन्स में सत्र संयोजन (Moderator) से संबंधित है। आपने लाइव सैशन्स के वीडियोज को देखा होगा, कि उनमें कई शिक्षक साथियों ने ही सत्र संत्रोजन (Moderator) का दायित्व निभाया है। अतः महाविद्यालयों में पदस्थापित जो शिक्षक साथी श्रेष्ठ सम्प्रेषण कौशल रखते हैं, तथा जो स्वैच्छिक आधार पर लाइव सैशन्स में सत्र संयोजन (Moderator) के रुप में जुडने की इच्छा रखते हैं, वे अपना विवरण यथा स्वयं का नाम, मोबाइल नम्बर, विषय एवं पद लिखकर प्रभारी / सह–प्रभारी अधिकारी, नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ को इस कार्यक्रम की ई–मेल **gyansudha.cceraj@gmail.com** पर स्वयं प्रेषित कर दें। ऐसे इच्छुक सदस्यों से आयुक्तालय की ओर से सम्पर्क कर लिया जायेगा।

15/07/2021

सन्देश नायक, IAS
आयुक्त,
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान

पत्रांक : CCE/ISDC/Gyansudha/2021/Spl./81; दिनांक : 15 July 2021

प्रतिलिपि सूचनार्थ :

1. निजी सचिव, आयुक्त, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. समस्त संयुक्त निदेशक, आकाशि, जयपुर।
4. समस्त, सहायक निदेशक, क्षेत्रीय / सम्भाग कार्यालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान।
5. समस्त, प्रभारी अधिकारी, महाविद्यालय समूह, आकाशि, जयपुर।
6. वैबसाइट प्रभारी को ई–मेल करने हेतु।
7. रक्षित पत्रावली।

15/7/2021

डा. विनोद कुमार भारद्वाज
प्रभारी अधिकारी,
नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ